बरेली, शनिवार
18 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18+4 = 22

दैनिक जागरण
inext

सोबती पब्लिक स्कूल की 80 रन से जीत

एसआरएमएस स्टेडियम में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (17 April): एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की ओर से आयोजित श्रीराम मूर्ति मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में शुक्रवार को ग्रुप- बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल और बीबीएल पब्लिक स्कूल के बीच पांचवां और ग्रुप- सी टीम बासु बरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पब्लिक माडर्न स्कूल नकटिया के बीच छठा मुकाबला हुआ. पांचवें मैच में सोबती पब्लिक स्कूल ने बीबीएल को 80 रन से पराजित किया. छठा मैच खेलने पब्लिक माडर्न स्कूल के न पहुंचने से प्रतिद्वंद्वी बासु बरल की टीम को वाक ओवर मिला.

बीबीएल के पांच खिलाड़ियों को आउट करने वाले अक्षय गुप्ता को मैन आफ द मैच चुना गया. एसआरएमएस स्टेडियम में पांचवां मुकाबला ग्रुप- बी की टीम सोबती पब्लिक स्कूल और बीबीएल पब्लिक स्कूल के बीच हुआ.सोबती पब्लिक स्कूल के कप्तान सृजन शर्मा ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया.टीम ने निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 139 रन बनाए.इसमें काजी हमजा (24 रन, 19 गेंद, तीन चौके, एक छक्का), अक्षत गुप्ता (30 रन, 32 गेंद, पांच चौके), विनय सिंह (15 रन, 17 गेंद, तीन चौके), आराध्य गंगवार (10 रन, सात गेंद, दो चौके) ने अहम योगदान दिया.सोबती के स्कोर में एक्स्ट्रा के रूप में मिले 29 रनों ने भी काफी फायदा पहुंचाया. जवाब में सोबती की गेंदबाजी के आगे बीबीएल की टीम बिखर गई और पूरी टीम 8.3 ओवर में 59 रन ही बना सकी.

निर्धारित समय पर नहीं पहुंची टीम

टूर्नामेंट का छठा मैच बासु बरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पब्लिक माडर्न स्कूल नकटिया के बीच होना था, लेकिन निर्धारित समय तक पब्लिक माडर्न स्कूल नकटिया की टीम के न पहुंचने से अंपायर की सलाह पर मैच रेफरी ने बासु बरल सीनियर सेकेंडरी स्कूल को वाकओवर देने का फैसला किया.इस अवसर पर सीईटी के प्राचार्य डा. प्रभाकर गुप्ता, आयोजन सचिव डा. शोभित सक्सेना, डा. अनुज सक्सेना, शंकर पाल, यूसुफ अंसारी आदि मौजूद रहे.